तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025




## खबर संक्षेप

### प्लांट के पीछे खून से सनी मिली अधेड़ की लाश

**रायगढ़।** तमनार थाना क्षेत्र अंतर्गत कुंजेमुरा के हुंकराडिपा चौक के आगे बीती रात एक अधेड़ की खून से लथपथ लाश मिली है। मामले की सूचना पर तमनार पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और हत्या के एंगल से मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान सुकमन निषाद 50 वर्ष निवासी कुंजेमुरा के रूप में हुई है। जिसकी लाश डामर प्लांट के पीछे बीती रात को मिली है। बताया जा रहा है कि मृतक ओडिशा में रहकर जीवन यापन कर रहा था, जो पिछले तीन-चार माह से अपने घर कुंजेमुरा आया हुआ था। मृतक के सिर और गले के पास चोट के निशान पाए गए हैं। जिससे काफी मात्रा में खून बहकर जमीन पर गिरा हुआ है, शरीर पर पाए गए चोट के निशान से हत्या की आशंका प्रबल हो रही है। फिलहाल तमनार पुलिस और फोरेंसिक टीम मामले की जांच में जुट गई है।

### क्रोकोडायल पार्क क्षेत्र नो प्लास्टिक जोन हुआ घोषित

**जांजगीर-चांपा ।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत सेवा पर्व पखवाड़ा अभियान 2025 के तहत मगरमच्छ संरक्षण आरक्षिति केन्द्र, कोटमीसोनार में स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पार्क परिसर में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता ही सेवा के थीम पर स्वच्छ भारत की ओर बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सरपंच कोटमीसोनार श्रीमती रेखा सोनी, जनभागीदारी के सदस्यों, विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों एवं प्रशिक्षु वनरक्षक प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा पार्क में उन्नयन कार्य के अंतर्गत 500 छायादार पौधे लगाए गए। वनमण्डलाधिकारी हिमांशु डोंगरे ने कार्यक्रम में में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उपवनमण्डलाधिकारी होरेश चन्द शर्मा, वन परिक्षेत्र अधिकारी बलौदा एस.पी. राठिया, सहायक अनुदेशक छोटे लाल डनसेना, वन परिक्षेत्र अधिकारी सक्ती जितेन्द्र कुमार कंवर, वनपाल विजेन्द्र सिंह ठाकुर, अजय कुमार राठौर, पार्क प्रभारी मुश्ताक उपस्थित थे।

### उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 25 अक्टूबर तक

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आदि में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है। सत्र 2025-26 के लिए पात्र अभ्यर्थी 25 अक्टूबर तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित की जा रही है।

### पुलिस लाइन में पारंपरिक व वैदिक विधि से शस्त्र पूजन किया गया

# रायगढ़ पुलिस ने विजयादशमी पर्व पर किया शस्त्र पूजन

**देवी को प्रसन्न करने के लिए परंपरागत रूप से राखिया फल की बलि भी दी गई**



0000000000000000000000000

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी रायगढ़ पुलिस लाइन में पारंपरिक व वैदिक विधि से शस्त्र पूजन किया गया। पूजन से पूर्व सभी अस्त्र-शस्त्रों और वाहनों की विधिवत सफाई कर उन्हें सुसज्जित रूप से पूजा स्थल पर रखा गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल ने मां भगवती की आराधना कर सभी अस्त्र-शस्त्रों एवं वाहनों का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया। देवी को प्रसन्न करने के लिए परंपरागत रूप से राखिया फल की बलि भी दी गई। इस अवसर पर जिले के पुलिस अधिकारीगण, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक मयंक मिश्रा, पुलिस उप अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा, उत्तम प्रताप सिंह, सुशांतो बनर्जी, रक्षित निरीक्षक अमित सिंह, निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रशांत राव सहित पुलिस लाइन का समस्त अमला उपस्थित रहा। पूजन के बाद परंपरा के अनुसार फायरिंग भी की गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने इस मौके पर सभी प्रदेशवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इधर जिले के सभी थाना-चौकियों में भी थाना प्रभारियों द्वारा शस्त्रों की साफ-सफाई कर विधिवत शस्त्र पूजन किया गया।

### थाना बिलाईगढ़ में हुई शस्त्रों की पूजा


**बिलाईगढ़।** थाना बिलाईगढ़ में दशहरा के पावन अवसर पर थाना में रखे गए शस्त्रों की साफ सफाई पश्चात मां दुर्गा की चित्र के समक्ष विशेष सजावट करने उपरांत पंडित द्वारा मंत्रोच्चारण तथा विधि विधान से शस्त्रों की पूजा अर्चना किया गया। आश्विन शुक्ल पक्ष दशमी को शस्त्र पूजन का विधान है दशहरे पर शस्त्र पूजन की परंपरा बहुत पुरानी है। और सिर्फ इतना ही नहीं इसे समझने के लिए जब हम इतिहास की पन्ना को पलटते हैं तो रियासतें कितने धूमधाम से शस्त्र पूजन किया करते थे उसके बारे में जानते हैं। हालांकि अब रियासत है तो रही नहींए लेकिन जो परंपरा है वह अब भी शाश्वत है। मान्यता है कि जब देवताओं ने देवी दुर्गा से महिषासुर का वध करने की जिम्मेदारी सौंपी तो उसके साथ उन्होंने उन्हें तमाम दिव्यास्त्र भी प्रदान किए। इसके बाद जब देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध कर दिया तो उसके बाद उन सभी दिव्या अस्त्रों की विशेष रूप से पूजा की गई तब से यह परंपरा चलती आ रही है। फिलहाल जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ अंतर्गत पुलिस थाना बिलाईगढ़ में पूरे विधि विधान से शस्त्रों का पूजा अर्चना कर थाना की कार्य कुशलता की कामना थाना प्रभारी शिवकुमार धारी एवं विजय ठाकुर अनुविभागीय अधिकारी ;पुलिसद्ध के द्वारा किया गया। प्रधान आरक्षक ताराचंद रातड़े, प्रधान आरक्षक दुर्गेश सिंह, प्रधान आरक्षक भंवरलाल काटले, प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर पटेल, सब इंस्पेक्टर प्रकाश रजक, सेठ, आरक्षक सतपाल सिंह, सुमित, पंकज साहू, अमृत खूंटे, शंकर कुर्रे, राजेश सायतोड़े, कमल कुर्रे,अनिल कपूर, जितेंद्र साहू एवं मोहन कुमारी सिदार सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।




### विजयादशमी...



## अधर्म पर धर्म की हुई जीत, रामलीला मैदान में रावण के पुतले का दहन





**रायगढ़।** शहर के रामलीला मैदान में 2 अक्टूबर को दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रात 10 बजे रामलीला मैदान में रावण पुतले का दहन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग रामलीला मैदान में मौजूद रहे।

# लैलूंगा में नशीली दवाओं की सप्लायर महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा पुलिस ने बीती रात एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए ग्राम दुर्गापुर लारीपानी से नशीली दवाओं की अवैध सप्लाई में संलिप्त एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपिया के घर से नशीली दवाओं का बड़ा जखीरा और नगदी 8.40 लाख रुपए जप्त किया है।



दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि झारखंड से नशीली दवाओं की तस्करी कर सीमावर्ती जिलों में खपाई जा रही है। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल द्वारा लैलूंगा, तमनार और घरघोड़ा थाना प्रभारियों को मुखबिर सक्रिय कर कड़ी निगरानी रखने कहा गया था। इसी कड़ी में बीती रात मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी रोहित बंजारे के नेतृत्व में टीम ने दुर्गापुर लारीपानी निवासी धनुर्जय यादव के मकान की घेराबंदी की। छापेमारी में धनुर्जय यादव घर पर नहीं मिला, लेकिन उसकी पत्नी तिलोत्तमा यादव 25 वर्ष घर में मौजूद मिली। तलाशी में उसके घर पर मिले नशीली दवाओं के जखीरा को लेकर पूछताछ करने पर महिला ने स्वीकार किया कि वह अपने पति के साथ मिलकर नशीली दवाओं की बिक्री करती है। गवाहों की मौजूदगी में घर की तलाशी लेने पर पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली दवाएं और उसकी बिक्री से अर्जित नगदी जब्त की है। पुलिस ने आरोपिया तिलोत्तमा यादव को गिरफ्तार कर तिलोत्तमा यादव और और उसके पति धनुर्जय यादव के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं आरोपी धनुर्जय यादव फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

# आकाशीय बिजली ने फिर बरपाया कहर, छाल घरघोड़ा में दो युवकों की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आकाशीय बिजली ने एक बार फिर कहर बरपाया है। इस बार गाज की चपेट में आने से छाल और घरघोड़ा में दो युवकों की मौत हो गई है, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पहली घटना छाल थाना क्षेत्र के मुनंद की है। जानकारी के अनुसार खातिर राम राठिया 26 वर्ष बुधवार दोपहर को खेत में काम करने के लिए गया था। शाम को जब वह लौट रहा था, इस दौरान गरज-चमक के साथ बारिश होने लगी। तभी वह आकाशीय बिजली की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। देर शाम जब अन्य ग्रामीणों ने उसे देखा तो अस्पताल लेकर गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। अस्पताल में डॉक्टर ने खातिर राम को मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।





दूसरा घटना घरघोड़ा थाना क्षेत्र की है। वार्ड क्रमांक 4 में रहने वाला संजय भारद्वाज 30 वर्ष और अनिप उरांव 24 वर्ष बुधवार को मछली मारने के लिए तालाब गए थे। शाम करीब 6 बजे अचानक तेज बारिश के साथ बिजली गिर गई। जिससे उसकी चपेट में आने से दोनों युवक गंभीर रूप से झुलस गए। जब इसकी जानकारी आसपास के लोगों को लगीए तो वे दोनों को तत्काल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद संजय भारद्वाज को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल अनिप उरांव का इलाज जारी है। घटना की सूचना पर घरघोड़ा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### दो दिनों के भीतर चार युवकों की चली गई जान

ज्ञात हो कि 30 सितंबर को ही छाल थाना क्षेत्र के ग्राम गंजाईपाली निवासी आकाश किंडो पिता सुकलाल उराव 19 वर्ष व लिबुन केरकेट्टा पिता बोदो 19 वर्ष गांव के पास ठाकुरदेव डीपा के पास बकरी चरा रहे थे। दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने करवट बदली और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए दोनों युवक पास के महुआ पेड़ के नीचे जाकर खड़े हो गए थे। इसी दौरान आकाशीय बिजली उन पर गिर गई और इस घटना में दोनों युवक की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं 1 अक्टूबर को भी छाल और घरघोड़ा में गाज की चपेट में आकर दो युवकों की मौत हो गई। इस तरह दो दिनों के भीतर कुल चार युवकों की आकाशीय बिजली की चपेट में आकर मौत हो गई है।

## दुर्गा पंडाल में फूहड़ गानों पर डांस करने का वीडियो वायरल, बजरंग दल ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

देशभर में शारदीय नवरात्र का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस बीच जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत राहौद के दुर्गा पंडाल में फूंहड़ गानों पर सामुहिक रूप से डांस करते हुए विडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही है जो पूरे जिलेभर में चर्चा का विषय बना हुआ हैं। वायरल विडियो में आयोजन समिति के सदस्य व कुछ महिलाएं डांस करते दिखाई दे रही। दुर्गा पंडाल में ऐसे अशोभनीय डांस का विडियो हिन्दू संगठनों तक पहुंचते ही विरोध होना शुरू हो गया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को देर शाम राहौद के पुराना बस स्टैंड के पास स्थित दुर्गा पंडाल में नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हिन्दू विरोधी के नारे लगाते रहे, वहीं मौके पर आयोजन समिति के सदस्यों व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के बीच वायरल विडियो व पंडाल के अंदर फूंहड़ गाना बजाकर डांस करने को लेकर तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई। कार्यकर्ताओं ने दुर्गा पंडाल को मनोरंजन का साधन बनाने का आरोप आयोजन समिति पर लगाया है। वायरल विडियो में देखा जा सकता है कि जिस गाना के कारण हिंदू संगठनों व समुदाय में आक्रोश फैल रही है, वह बिल्कुल ही अभद्र व अश्लीलता को इंगित कर रही है। दुर्गा पंडाल में इस विडियो में छत्तीसगढ़ी गीत टूरी के बड़े -बड़े गाल गाना, बजाया जा रहा है। सोशल मीडिया में विडियो वायरल होने के बाद लोगों में भारी गुस्सा देखने को मिल रही है। इधर बजरंग दल के संयोजक पंकज कौशिक का कहना है कि वायरल विडियो व अश्लील गाना को लेकर राहौद के दुर्गा पंडाल में हम पहुंचे थे।

## पुलिस ने मवेशियों के गले में लगाए गए रेडियम कॉलर टैग

**रायगढ़।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हाईवे पर आवारा मवेशियों की वजह से आए हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए थाना प्रभारियों को सुरक्षा के मद्देनजर मवेशियों के गले में रेडियम लगे कॉलर टैग लगाने का निर्देश दिया गया है। इसी कड़ी में घरघोड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू के नेतृत्व में घरघोड़ा पुलिस ने व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान रायगढ़-घरघोड़ा, घरघोड़ा-लैलूंगा मुख्य मार्ग एवं तमनार बायपास मार्ग पर घूम रहे मवेशियों के गले में रेडियम कॉलर टैग लगाए गए ताकि रात के समय सड़क पर आने वाले वाहन चालक दूर से ही मवेशियों को देख सकें और किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। पुलिस की इस पहल को ग्रामीणों ने सराहते हुए इसे सड़क सुरक्षा की दिशा में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम बताया।



**सफाई के नाम पर निगम के कर्मचारी कर रहे खानापूर्ति, व्यापारी भी खुद फैला रहे कचरा**

# डेली सब्जी मार्केट में गंदगी का आलम, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर के सबसे बड़े डेली सब्जी मार्केट (संजय कॉम्प्लेक्स) में जगह-जगह गंदगी का आलम है। मार्केट के हर गली-कूचों में सड़ी-गली सब्जी के ढेर, बजबजाती नालियां और सड़कों पर कीचड़ से यहां आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामन करना पड़ रहा है। खासकर सड़ांध और बदबू से लोगों को सांस लेने में परेशानी होती है। यहां निगम के कर्मचारी सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करते हैं।



वहीं स्थानीय व्यापारी भी जागरूक होने के बजाय खुद अपने आसपास कचरा फैलाते हैं। दरअसल शहर के बीचोंबीच स्थित संजय कॉम्प्लेक्स खरीददारी और रोज़मर्रा की ज़रूरतों का प्रमुख केंद्र है। यहां रोज़ाना सब्जी और अन्य जरूरतों के सामन खरीदने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचते हैं, लेकिन शहर का यह अहम व्यापारिक केंद्र इन दिनों अपनी गंदगी और और बदहाली से जूझ रहा है। कॉम्प्लेक्स के बाहर और अंदर जगह-जगह सड़क पर कीचड फैला रहता है, जिससे लोगों को चलने में काफी दिक्कत होती है। कई बार तो लोग फिसल कर गिर जाते हैं और वाहन के गुजरने से पड़ने वाले छीटे उनके कपड़े खराब करते हैं। इसके अलावा यहां की नालियां अक्सर जाम रहने से बजबजाती रहती है। इतना ही नहीं बाजार के चारों तरफ सड़ी-गली सब्जियों के ढेर नजर आते हैं, जिनमें मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। सब्जियों के सड़ांध और दुर्गंध से यहां आने वाले लोगों को नाक-मुंह सिकोड़ना पड़ता है। बदबू के कारण ग्राहक ज्यादा देर रूक नहीं पाते, क्योंकि उन्हें सांस लेने में परेशानी होती है। लोगों की इस परेशानी का कारण निगम प्रशासन व व्यापारी दोनों हैं। नगर निगम द्वारा यहां सफाई तो की जाती है, लेकिन काम चलाउ सफाई से कुछ ही देर बाद स्थिति जस की तस हो जाती है। वहीं व्यापारियों द्वारा भी सड़ी-गली सब्जियों, कचरों के ढेर को यत्र-तत्र फेंक दिया जाता है, जिससे स्थिति और भी बद से बदतर हो जाती है।

### मार्केट कभी साफ-सुथरा नहीं मिलता

डेली सब्जी मार्केट खरीदी करने पहुंचे सौरभ दास मानिकपुरी ने कि जब भी यहां आते हैं तो पहले गंदगी और बदबू से सामना करना पड़ता है। बिना बारिश के सड़कों पर जगह-जगह कीचड से चलना मुश्किल होता है। व्यापारियों द्वारा भी सब्जियों को आसपास फेंक दिया जाता, जिससे उनमें मक्खियां भिनभिनाती रहती हैं और मवेशियों का भी जमावड रहता है।

### निगम प्रशासन और दुकानदार दोनों नहीं गंभीर

सब्जी खरीदने आए निहाल ने कहा कि संजय कॉम्प्लेक्स भले ही शहर का मुख्य सब्जी मार्केट है, लेकिन यहां सफाई व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। यहां की स्थिति को देखकर साफ लगता है कि नगर निगम प्रशासन और दुकानदार दोनों ही सफाई को लेकर गंभीर नहीं हैं। अभी नवरात्र और दीपावली जैसे त्योहारों का सीजन चल रहा है।


AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg

B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316

सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर

द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113


CAMPUSE VIEW

खबर संक्षेप

## ग्राम अंकिरा और भगोरा के ट्रांसफार्मर बदला गया



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनसमस्याओं के निराकरण हेतु स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया, अपनी त्वरित कार्यवाही और संवेदनशीलता के वजह से लोगों के विश्वास और उम्मीदों का केंद्र बन चुका है। विकासखंड फरसाबहार के ग्राम अंकिरा और भगोरा के मोहल्ला के ग्रामीणों ने बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या सीएम कैंप कार्यालय बगिया के समक्ष रखी। कैंप कार्यालय ने तत्काल विद्युत बहाल करने के लिए विभाग को निर्देशित किया। विभाग के द्वारा त्वरित कार्यवाही कर ग्राम में ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली आपूर्ति पुनः बहाल कर दी गई। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। सीएम कैंप कार्यालय बगिया में रोजाना बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं। बिजली, सड़क, पेयजल या विकास कार्यों से जुड़ी समस्याएं यहां तुरंत सुनी जाती हैं और समाधान की दिशा में तत्काल कदम उठाए जाते हैं।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता 11 से

**जशपुर।** जशपुर में शतरंज के खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत जिला शतरंज संघ जशपुर के तत्वावधान में आगामी 11 से 13 अक्टूबर 2025 तक छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस 'चेकमेट@जशपुर' पहल के अंतर्गत कम्युनिटी हॉल, जशपुर नगर में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 11 अक्टूबर को सुबह 9:30 बजे तथा समापन 13 अक्टूबर को शाम 4:00 बजे होगा। इस प्रतियोगिता में कुल 2.51 लाख रुपयों का नकद ईनाम और आकर्षक ट्रॉफियां रखी गई हैं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 31 हजार रुपये, द्वितीय को 21 हजार रुपये एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता को 11 रुपये ट्रॉफी का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। विशेष श्रेणी पुरस्कार के तहत सर्वश्रेष्ठ जशपुर, सर्वश्रेष्ठ सरगुजा डिवीजन, सर्वश्रेष्ठ महिला, वरिष्ठ खिलाड़ी (55+), दिव्यांग प्रतिभागियों सहित विभिन्न वर्गों के विजेताओं के लिए अलग पुरस्कार दिए जाएंगे। इस प्रतियोगिता में बालक एवं बालिकाओं के लिए भी अंडर-09, अंडर-11, अंडर-13 एवं अंडर-15 वर्ग में भी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। प्रत्येक आयु वर्ग के विजेताओं को नकद राशि व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जशपुर जिले के प्रतिभागियों हेतु प्रवेश शुल्क के रूप में 100 रुपये जमा करने होंगे एवं अन्य जिलों के प्रतिभागियों हेतु प्रवेश शुल्क 500 रूपये निर्धारित की गई है। प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ राज्य चैस एसोसिएशन (सीजीएससीए) का वार्षिक पंजीकरण करवाना भी अनिवार्य है। जिसका शुल्क जशपुर के निवासियों हेतु 75 रुपये एवं अन्य जिलों के खिलाड़ियों हेतु 150 रुपये निर्धारित है।

## पानी निकासी नहीं होने से सड़क पर बह रहा गंदा पानी

**चांपा।** बेतरतीब ढंग से बन रहे मकान जिस पर न रोड है और न पानी निकासी की उचित व्यवस्था जिसके चलते बस स्टैंड से कोरबा रोड जाने वाली सड़क पर खेत खलिहानों से आने वाली बरसाती पानी भरा रहता है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शासकीय एमएमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा रोड के सामने कृषि भूमि हुआ करती थी जिस पर खेती का कार्य किया जाता था जिससे बरसात का पानी कृषि कार्य हेतु उपयोग में लाया जाता था जो कि खेत खलिहानों से होते हुए रामबांधा तालाब में चला जाता था। चूंकि यह शहर का व्यस्ततम मार्गों में से एक है जहां बस स्टैंड, नगरपालिका भवन, पीएचई आफिस, निर्माणाधीन सिविल कोर्ट भवन है जिससे लोगों का आवागमन बढ़ गया है जिससे जमीन लाखों रुपए डिसमिल में बिक रही हैं जिसके चलते जमीनों को छोटे छोटे टुकड़ों में अवैध रूप से प्लाट काटकर बेजा जा रहा है।

# जशपुर दशहरा महोत्सव का भव्य समापन, रणजीता स्टेडियम में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

रियासतकालीन परंपरा और आस्था का प्रतीक जशपुर दशहरा महोत्सव गुरुवार को रावण दहन के साथ संपन्न हुआ। रणजीता स्टेडियम रैनीडांड़ में आयोजित इस ऐतिहासिक आयोजन में करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु जुटे और असत्य पर सत्य की विजय के पर्व के साक्षी बने।

■ राजपरिवार और जनप्रतिनिधि बने परंपरा के साक्षी

कृत्रिम लंका में और फिर स्टेडियम परिसर में 35 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन होते ही आसमान रंग-बिरंगी आतिशबाज़ियों से गूंज उठा और वातावरण विजयोल्लास के नारों से थर्रा उठा।ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच इस अवसर पर लकड़ी के सुसज्जित रथ में भगवान बालाजी की भव्य सवारी निकाली गई। शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान के रथ को खींचने की होड़ मच गई। आयोजन में परंपरा के अनुसार राजा रणविजय प्रताप सिंह जूदेव, विक्रमादित्य सिंह जूदेव, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, यशप्रताप सिंह जूदेव, विजय आदित्य सिंह जूदेव, शौर्य प्रताप सिंह जूदेव के साथ जिले के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी सहित जिले के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।





जशपुर दशहरा उत्सव के समापन अवसर पर उपस्थित राजपरिवार के सदस्य। रावण दहन के दौरान उपस्थित जनसमुदाय।

**आचार्यों ने किया वेदी विसर्जनः** विजयदशमी के अवसर पर 21 आचार्यों ने देवी मंदिर और बालाजी मंदिर में वेदी विसर्जन, यज्ञ-शांति और पूजन-अर्चन कर दस दिवसीय अनुष्ठान का समापन किया। राजपरिवार और जिलेवासियों को आशीर्वाद देते हुए विश्वकल्याण की कामना की गई। देवी मंदिर से शोभायात्रा में लाए गए अस्त्र-शस्त्रों को पुनः सम्मानपूर्वक बालाजी मंदिर में स्थापित कर आरती की गई और पारंपरिक जई (अभिवादन) देकर लोग एक-दूसरे से गले मिले।

**चार रथों की सजीव झलकः** चार रथों ने महोत्सव की शोभा बढ़ा दी। पहले रथ में राजपरिवार और आचार्य, दूसरे रथ में विजय डंका और वादक दल, तीसरे रथ में भगवान बालाजी रथारूढ़, जबकि चौथे रथ में सहयोगी दल सवार रहे। जैसे ही शोभायात्रा रणजीता स्टेडियम पहुँची, हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जयघोष करते हुए भगवान के दर्शन को उमड़ पड़ी।

**बालाजी के रथ के आगे घोड़ा और ऊंटः** इस बार दशहरा महोत्सव में बालाजी के रथ के आगे घोड़ा और ऊँट भी चलाए गए, जिसने शोभा यात्रा को और भव्य बना दिया। रथ के पीछे नागपुर से आई 'शिव गर्जना' और झांकी की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों की भीड़ ने इस आकर्षक दृश्य का आनंद लिया और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस अनोखी झांकी और रथयात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

**विजय कामना के साथ अपराजिता पूजाः** रावण दहन के बाद अपराजिता पूजा का भी विशेष महत्व है। जिसे आचार्य व राजपरिवार के सदस्य करते हैं। आम लोगों की भी इसमें भागीदारी होती है। अपराजिता पूजा के पीछे मान्यता है कि रावण वध के समय भगवान राम ने अपराजिता पूजा की थी। इसी मान्यता के अनुसार अपराजिता पूजा की जाती है, जिसमें विशेष रूप से शस्त्रों की पूजा होती है। पूजा में शस्त्र बालाजी मंदिर से शोभा यात्रा में ही लाया जाता है।

**नीलकंठ दर्शन की अनूठी परंपराः** पराजिता पूजा के बाद दशहरा के दिन अंतिम कार्यक्रम के रूप में रणजीता मैदान में भगवान के रथ से नीलकंठ पक्षी के उड़ाने की पंरपरा है। यह विशेष बैगा के द्वारा यहां के बालाजी मंदिर में लाया जाता है। इस दिन नीलकंठ पक्षी को देखना शुभ माना जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि रावण वध के समय रावण ने हनुमान को उनके वास्तवित रूप में पहचान लिया था और हनुमान ने शिव के नीलकंठ रूप में दर्शन दिए थे। इसके बाद ही रावण को मुक्ति मिली थी। यहां के लोगों की मान्यता है कि यदि नीलकंठ पूर्व और उत्तर की ओर उड़ता है तो पूरे विश्व के लिए यह वर्ष शुभ होता है, वहीं नीलकंठ यदि अन्य दिशाओं की ओर उड़ता है तो प्राकृतिक आपदाओं सहित अन्य परेशानियों का संकेत होता है। भीड़ को नियंत्रित करना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती साबित हुआ। किसी भी मार्ग से वाहन प्रवेश संभव नहीं था। जिलेभर से जुटी भीड़ को संभालने के लिए सैकड़ों जवान तैनात रहे।

### चलता रहा मूर्ति विसर्जन का दौर

# शारदीय नवरात्रि का समापन, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोतबा

धर्मनगरी कोतबा में शारदीय नवरात्र धूमधाम से मनाई गई। नौ दिन तक घर-घर और मंदिरों व भव्य पंडाल में मां दुर्गा की पूजा की गई। गुरुवार को दशमीं के दिन नगर के तिलगोड़ा मैदान में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा को डीजे व आतिशबाजी के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई और विसर्जन के लिए हाईस्कूल स्थित असुरबंध तालाब ले जाया गया। सभी भक्तों ने बड़ी संख्या में माता के विसर्जन के लिए शोभायात्रा में शामिल हुए।

धर्मनगरी कोतबा के हृदयस्थली तिलगोड़ा प्रांगण में विराजित मां दुर्गा का दशमीं तिथि को विशाल भव्य शोभायात्रा निकाल कर विसर्जन किया गया। गुरुवार सुबह मां दुर्गा को सिंदूर चढ़ाया गया। मां की मूर्ति को ट्रैक्टर पर विराजमान किया गया। पंडाल से मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा शाम 3 बजे शुरू की गई।



सबसे आगे आतिशबाजी करने वाले युवा थे उनके पीछे डीजे की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते चल रहे थे। शोभायात्रा दुर्गा पंडाल से प्रारंभ होकर राम मंदिर पारा, परशुराम चौक,से मुख्य मार्ग पर बस स्टैण्ड कारगिल चौक होते हुए हाई स्कूल पारा स्थित असुरबंध तालाब पहुंची। यहां मां के जयकारे लगाते हुए भक्तों ने मां दुर्गा की प्रतिमा का का विसर्जन किया गया।

**10 दिनों तक हुए विविध कार्यक्रमः** इस वर्ष नवरात्र 10 दिनों की थी जिसमें धर्मनगरी कोतबा में बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया जिज़मे रोजाना आरती में 5000 से अधिक भक्त माता के दर्शन के लिए पहुंचते है। वही आखरी तीन दिनों में ये संख्या अधिक बढ़ गई स्थिति ये रही कि पंडाल छोटे पैड गए थे। वही रात्रि जागरण के लिए प्रसिद्ध कलाकार गायक नितिन दुबे का भी आगमन हुवा था। जिसका भक्तो ने खूब लुफ्त उठाया वही महाअष्टमी के दिन महाआरती फूलो की होली का आयोजन भव्यता के साथ किया गया। नवमी तिथि को आरती के बाद गरबा डाँडिया का आयोजन किया गया जिसमे नगर की कन्याओं व छोटे बच्चों ने भाग लेकर प्रस्सति दे कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं नवमी के दिन मे कन्या पूजन व अखंड भण्डार का आयोजन किया जिज़मे हजारों भक्तो ने माता का प्रसाद ग्रहण किया।

**नगर में निकली शोभायात्राः** शोभायात्रा के दौरान पूरे नगर में "नवरात्र नव दिन माई दशम दिन विदाई विसर्जन मां चली" की धुन डीजे में बजाते हुए नगर में शोभायात्रा निकाली गई, जिस धुन को सुन कर नगरवासियों की आँखें भर आईं सभी भावविभोर हो कर माता की विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। शोभायात्रा जब कारगिल चौक के समीप पहुंची तो भक्त माता रानी के जसगीत "आमापान के पतरी करेला पान के दोना ओ" की धुन में युवा झूम झूम कर नाचते नजर आए। माता का विसर्जन पूर्व तालाब के घाट में आरती की गई जिसके बाद सभी ने माता से विदाई ले कर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन संध्या काल में लगभग 6 बजे कर दिया गया। मां दुर्गा के दर्शन को उमड़ी भीड़ विसर्जन यात्रा के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमा को देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शोभायात्रा का स्थानीय लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

# नवरात्रि पर्व की नवमीं पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**जशपुरनगर।** नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर जिलेभर में धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण देखने को मिल रहा है। नवमी तिथि पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने विभिन्न दुर्गा पंडालों का भ्रमण कर मां दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वे सर्वप्रथम दुलदुला में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन के लिए पहुंचीं, जहां श्रद्धालुओं के साथ बैठकर मां जगदंबा की आराधना की। इसके बाद नारायणपुर, कुनकुरी के बजरंग नगर, बाजार डांड, डुगडुगिया एवं दोकड़ा में स्थापित भव्य दुर्गा पंडालों में पहुंचीं। हर स्थान पर उन्होंने दीप प्रज्वलित कर देवी मां से प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की।पंडालों में पहुंचने पर श्रद्धालुओं और आयोजक समितियों ने कौशल्या साय का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया।

■ मुख्यमंत्री की पत्नी कौशल्या ने किया विभिन्न दुर्गा पंडालों पर पूजन-अर्चन

# भक्तों की टोली ने श्रद्धालुओं समेत धूमधाम से दी माता रानी को विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पत्थलगांव

नगर की सभी सार्वजनिक दुर्गा समिति ने शहर में शोभायात्रा निकालते हुए माता रानी को विदाई दी।

सुबह से ही सभी पंडालों में तैयारी कर माता रानी की भव्य रूप से गाजे बाजे के साथ भक्तों की टोली जिसमे बच्चों से लेकर महिलाएं एवं बड़े सभी लोग अपने पारम्परिक वेश भूषा में नाचते गाते हुए निकले एक समिति के लोग शोभायात्रा के दौरान दूसरे समिति के लोग से मिलने पर आपसी भाईचारा निभाते हुए एक दूसरे के गले मिलते रहे। बाजार पारा, जशपुर रोड , मंडी समिति, दुर्गा मंदिर अम्बिकापुर रोड बर्फ फैक्टरी रोड, मातु शर्मा समिति, रेस्टहाउस समिति एवं रायगढ़ रोड के दुर्गा समिति एवं शहर वासी के लोग शामिल रहे दिन के 12 बजके से निकले भक्त तीनो मार्गो में शोभायात्रा कर माता का विसर्जन किया



शोभायात्रा के दौरान तीनो मार्गो में जगह जगह स्टाल लगाकर नास्ता चाय पानी से लेकर ठंडा की व्यवस्था कर भक्तों को खिलाते रहे।



रेस्टहाउस समिति घोड़े और ऊटो के साथ निकले शोभायात्रा में जो देखने लायक रहा सभी समिति अपने अंदाज में नया दिखाने की कोशिश के साथ शोभायात्रा में निकलें। दिन में दो बार रुक रुक कर हुई बारिश पर भक्तो की भक्ति में कोई कमी नही कोई भींगता रहा तो कोई छतरी लेकर माता रानी की छत्र बनाकर खड़ा रहा। बाजारपारा दुर्गा विसजर्न का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा चाहत धमाल म्यूजिक जिसके म्यूजिक धुन में झूमते नजर आएं भक्ति में रमे माता रानी के भक्त जो जगह जगह नाचते झूमते रहे। जैसे जैसे शोभायात्रा के साथ शाम होता गया तो माता की विदाई गीत लोगों की आंखें नम करती रही नवरात्र के पहले दिन से सभी समिति के लोग माता रानी के भक्ति में पूरी तरह रमे हुए लीन रहे सुबह से दिन भर के माता के भजन से लेकर अन्य कार्यक्रमों में सभी समिति के लोगो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया पुलिस प्रशासन भी काफी सक्रिय रहा सुबह से ही शोभायात्रा के साथ साथ अनुविभागीय अधिकारी एवं थाना प्रभारी अपनी पुलिस टीम के साथ मुस्तैद दिखी।

## एसएसपी ने सपत्निक लिया आशीर्वाद



एसएससी शशि मोहन सिंह ने अपनी पत्नी रेखा सिंह के साथ विभिन्न दुर्गा पंडालों में जाकर माता दुर्गा से आशीर्वाद लिए। उन्होंने जशपुर वासियों के लिए सुख समृद्धि की कामना की। दुर्गा पूजा के दौरान ड्यूटी में तैनात अधिकारी, कर्मचारियों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाते हुए और अधिक सतर्कता से ड्यूटी करने हेतु सख्त हिदायत दी गई।

## बोलेरो और बाइक की टक्कर, दो युवकों की मौत

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय से लगे के नेशनल हाईवे-43 पर गम्हरिया के पास बुधवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।रायगढ़ रोड से गम्हरिया की तरफ आने वालीबोलेरो क्रमांक ओडी 23 0120 और गम्हरिया से विपरीत जाने वाली बाइक सीजी 14 एमएल 0656 के बीच जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। बोलेरो चालक दुर्घटना के बाद मौके से फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन हाईवे पेट्रोलिंग टीम की मुस्तैदी से वाहन को पकड़ लिया गया। पुलिस ने बोलेरो वाहन को जब्त कर लिया है और मृतकों की पहचान तथा हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना स्थान बना ब्लैक स्पॉट घटना के बाद क्षेत्र में गहरा आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इलाका दुर्घटनाओं का ब्लैक स्पॉट बन चुका है। आए दिन यहां हादसे होते रहते हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि यहां गति नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर या बैरिकेड्स लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

### ऑपरेशन शंखनादः जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# दमेरा घाट से 9 गौवंश बरामद, 3 तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**जशपुरनगर।** गौ-तस्करों के खिलाफ जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद लगातार जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। सिटी कोतवाली पुलिस ने दमेरा घाट के जंगल से 9 गौवंशों को मुक्त कराया, वहीं 3 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

दिनांक 30 सितंबर की रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग चराईडांड की ओर से दमेरा घाट के रास्ते गौवंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए पैदल झारखंड की ओर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। एसएसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम दमेरा घाट पहुंची और घेराबंदी कर तीन तस्करों को मौके पर ही पकड़ लिया। पुलिस ने जिन तीन आरोपियों को पकड़ा है,



उनके अनूप एक्का (28 वर्ष),जगदीश चौहान (34 वर्ष),सनत राम चौहान (55 वर्ष), सभी आरोपी ग्राम लारीपानी, थाना लैलूंगा, जिला रायगढ़ (छ.ग.) के निवासी हैं। पुलिस ने जब गौवंशों के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे तो आरोपी कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके।

पूछताछ में सामने आया कि सभी गौवंश अनूप एक्का के थे, जिन्हें वे झारखंड ले जा रहे थे। पुलिस ने सभी 9 गौवंशों को सुरक्षित मुक्त कराने के बाद पशु चिकित्सक की टीम से इलाज भी कराया। इस कार्रवाई से ग्रामीणों में पुलिस की सराहना हो रही है।

### पुलिस ने किया मामला दर्ज

तीनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी कोतवाली जशपुर में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी आशीष तिवारी, एएसआई मनोज भगत, आरक्षक राम प्रताप यादव और नगर सैनिक थानेश्वर देशमुख की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### ऑपरेशन शंखनाद सख्ती से जारी रहेगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि जशपुर पुलिस ने दमेरा घाट से 9 गौवंशों को छुड़ाया और तीन तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जिले में गौ-तस्करी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऑपरेशन शंखनाद सख्ती से जारी रहेगा।

# एनईएस महाविद्यालय में गांधी जयंती और स्वच्छता पखवाड़ा



**जशपुरनगर।** शहर के अग्रणी महाविद्यालय शासकीय राम भजन राय एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुरनगर में आज गांधी जयंती एवं सेवा पखवाड़ा 2025 महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र के मार्गदर्शन में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राध्यापक प्रो.डॉ.सरिता निकुंज द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा पर धूप प्रज्वलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित प्राध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने भी गांधी जी को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रो.डॉ.सरिता निकुंज ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सत्याग्रह और स्वच्छता के आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। गांधी जी के विचार हर पीढ़ी को प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी गौतम कुमार सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में गांधी की भूमिका, विकसित भारत हेतु आत्मनिर्भर ग्रामों के निर्माण में गांधीवादी विचारों का योगदान, मजबूत लोकतंत्र के विकास पर गांधीवादी दर्शन का प्रभाव तथा स्वच्छता के प्रति गांधी जी की दृष्टि पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के पश्चात सभी स्वयंसेवकों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। इस अवसर पर रजिस्ट्रार बीआर भारद्वाज, ग्रंथपाल वीपी सिंह, प्रो.डॉ.हरिकेश कुमार, कार्यालयीन कर्मचारी ज्योति टीडू एवं महेशराम सहित अन्य ने भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयंसेवक सुरेश राम ने अपने विचार किए। इस अवसर पर स्वयंसेवक सुरेशराम, अशोकराम, कर्मा, प्रिज्मा भगत, केशव सिंह, ईश्वर राम, चांदनी बड़ाइक, चांदनी नायक, रवींद्र यादव, प्रियांशी भगत, अविनाश भगत, चंद्रलेखा, भानु यादव सहित अनेक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।



# ऋषभ के साथ ढोल बजाते दिखे दिलजीत

**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी की आगामी फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' 2 अक्टूबर को दशहरा के मौके पर रिलीज हो रही है। फिल्म रिलीज से पहले ही लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। ऋषभ शेट्टी फिल्म के प्रमोशन में लगे हुए हैं। अब फिल्म का नया गाना रिबेल रिलीज हुआ है। इस गाने को पंजाबी सिंगर दिलजीत दोसांझ ने गाया है। सबसे खास बात ये है कि दिलजीत इस गाने में पर्दे पर नजर भी आए हैं। गाने में दिलजीत और ऋषभ शेट्टी दोनों ढोल बजाते दिखे हैं।कांतारा चैप्टर 1के नए गाने रिबेल में दिलजीत दोसांझ सरप्राइज पैकेज हैं। क्योंकि, गाने में न सिर्फ उनकी आवाज है, बल्कि दिलजीत स्क्रीन पर भी नजर आए हैं।

लाइफ Style



# पत्रलेखा

## हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक्ट्रेस पत्रलेखा ने बताया उनके लिए असली शक्ति क्या है। उन्होंने कहा कि 'मैं हर महिला से कहना चाहती हूं कि कभी अपने अंदर की ताकत को कम मत आंकिए। जब भी आप असहाय महसूस करें, याद रखें कि सहनशीलता और धैर्य आपके अंदर ही हैं।


नवरात्रि पर मां दुर्गा के साथ ही अपने अंदर की शक्ति और स्थिरता का भी जश्न मनाना चाहिए। अपनी ताकत को पहचानो और हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो। अपने अंदर की शक्ति को पहचानो, आत्म-जागरुक बनो और जीवन में हर चुनौती का सामना साहस के साथ करो।' हालिया रिलीज फिल्म 'फुले' के बाद मुझे बहुत अच्छी और रोचक फिल्में मिल रही हैं। मैं जल्दी ही काम शुरू करने के लिए उत्साहित हूं। यह मुझे याद दिलाता है कि धैर्य और मेहनत का फल हमेशा मिलता है, भले ही वह तुरंत दिखाई न दे।'उन्होंने आगे कहा कि कॅरियर की शुरुआत में मुझे बहुत बार अस्वीकृति का सामना करना पड़ा। एक कलाकार के रूप में आप हर ऑडिशन में अपना सब कुछ दे देते हैं। और जब चीजें नहीं होतीं, तो यह बहुत दुखद और व्यक्तिगत लगने लगता था। उस समय मैं खुद से कई सवाल पूछती थी... क्या मैं सही कर रही हूं? क्या मैं योग्य हूं? लेकिन, मैं हमेशा याद रखती थी कि मैंने यह पेशा क्यों चुना... क्योंकि मुझे सच में कहानियां सुनाने से प्यार है। यही प्यार मेरा आधार बन गया। धीरे-धीरे अवसर आने लगे। आज पीछे मुड़कर देखती हूं, तो लगता है कि उस दौर ने मुझे धैर्यवान और मजबूत बनाया।

## हॉलीवुड मसाला



# अंतरिक्ष में करना चाहते हैं शादी

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में खबरें आईं कि हॉलीवुड स्टार निकोल किडमैन और कीथ अर्बन 20 वर्षों तक साथ रहने के बाद अलग हो गए। अब खबर आ रही है कि निकोल किडमैन के पूर्व पति टॉम क्रूज और अभिनेत्री एना डे अर्मास अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबरों के मुताबिक दोनों स्काईडाइविंग करते हुए एक-दूसरे के साथ शादी करने के बारे में सोच रहे हैं। टॉम क्रूज और एना डे अर्मास अपनी शादी को 'मिशनः इम्पॉसिबल' स्टंट जैसा हैरतअंगेज बनाना चाहते हैं।



# जॉन मेयर पहली बार भारत में करेंगे परफॉर्म

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायक-गीतकार और गिटारिस्ट जॉन मेयर पहली बार भारत में प्रस्तुति देने के लिए तैयार हैं। गायक अगले साल यानी कि 2026 में भारत आएंगे और परफॉर्म करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनका भारत में परफॉर्म करने का हमेशा से ही सपना रहा है। जानिए किस तारीख को होगा उनका शो। इंस्टाग्राम पर बुक मॉय शो हैंडल से एक पोस्ट शेयर किया गया है। इसमें जानकारी दी गई है कि अमेरिकी गायक जॉन मेयर साल 2026 के जनवरी महीने में भारत दौरा करेंगे। गायक 22 जनवरी को मुंबई के प्रतिष्ठित महालक्ष्मी रेसकोर्स में अपनी संगीत की प्रस्तुति देंगे। इस कार्यक्रम में शमिल होने के लिए दर्शक 14 अक्टूबर 2025 को सामान्य टिकट खरीद सकेंगे। इस टिकट के माध्यम से संगीत प्रेमी शो को लाइव देख सकेंगे।



# आमिर-रानी के गाने के साथ किया एंजॉय


**मुंबई।** ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों निर्देशक राजामौली की फिल्म 'एसएसएमबी29' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। वहीं आज प्रियंका ने अपने नाश्ते की एक झलक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। प्रियंका चोपड़ा ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपने नाश्ते की तस्वीर साझा की, जिसमें वह थेपला, नारियल की चटनी और आम के अचार का स्वाद ले रही थीं। सफेद बाथरोब में नाश्ते का आनंद लेते हुए, वह 90 के दशक की फिल्म 'गुलाम' का गाना 'आंखों से तूने ये क्या कर दिया' सुन रही थीं, जिसमें आमिर और रानी मुखर्जी ने अभिनय किया है। इस पोस्ट के बाद प्रियंका ने अपनी एक हॉट तस्वीर भी शेयर कीं, जिसमें ऑफ शोल्डर ड्रेस के साथ ब्लैक गॉगल्स में पोज देती नजर आईं। इस ड्रेस के साथ प्रियंका ने नॉट स्टाइल का सिल्वर नेकपीस भी पहना हुआ है।



# धनुष-कृति की तेरे इश्क में का टीजर रिलीज

**मुंबई।** निर्देशक आनंद एल राय पर्दे पर एक बार फिर 'रांझणा'जैसा जादू बिखेरना चाह रहे हैं। इसके लिए वो फिल्म 'तेरे इश्क में'लेकर आए हैं। धनुष और कृति सेनन स्टारर इस फिल्म का घोषणा के बाद से ही दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब गुरुवार को इस मच अवेटेड फिल्म का टीजर सामने आया है। टीजर के रिलीज होने के बाद अब फिल्म को लेकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है। 2 मिनट 4 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत में दिखाया जाता है कि कृति सेनन के किरदार की शादी होने वाली है और हल्दी की रस्म हो रही है। तभी धनुष का किरदार घायल अवस्था में वहां पहुंचता है और कहता है, 'अपने बाप को जलाने गया था बनारस। सोचा तेरे लिए गंगा जल लेता आऊं। नई जिंदगी शुरू करने जा रही है, पुराने पाप तो धो ले।'

## टीवी मसाला




# एनिमेटेड सीरीज कुरुक्षेत्र का ट्रेलर रिलीज, दिखेगी महाभारत की कहानी

**मुंबई।** इस साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा'ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और रिकॉर्डतोड़ कमाई की। इसके बाद अब कई एनिमेटेड फिल्मों की घोषणा की जा चुकी है। इसी क्रम में अब महाभारत पर आधारित एनिमेटेड सीरीज 'कुरुक्षेत्र'आ रही है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली इस सीरीज का ट्रेलर आज रिलीज हो गया है। 2 मिनट 31 सेकंड के इस ट्रेलर में महाभारत की कहानी दिखाई गई है। ट्रेलर में महाभारत के अलग-अलग घटनाक्रमों व अध्यायों का जिक्र देखने को मिलता है। जिसमें कृष्ण जी के अवतार से लेकर भीष्म पितामह का वध, अभिमन्यु का चक्रव्यूह में फंसना और द्रौपदी के चीरहरण तक का जिक्र किया गया है। ट्रेलर में जबरदस्त एनिमेशन देखने को मिला है। कुछ एक सीन देखने में काफी शानदार लग रहे हैं। 'कुरुक्षेत्र' एक सीरीज है, जो नेटफ्लिक्स पर 10 अक्टूबर से रिलीज हो रही है। इसका निर्देशन उज्जैन गांगुली ने किया है, जबकि इस सीरीज को क्रिएट किया है अनु सिक्का ने। वहीं इसके गीत गुलजार ने लिखे हैं। नेटफ्लिक्स की यह सीरीज हिंदी के साथ-साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, अंग्रेजी, स्पेनिश, पोर्तुगीज, थाई और इंडोनेशियन भाषा में भी रिलीज होगी। इसी साल एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में विष्णुजी के नरसिंह अवतार के बारे में दिखाया गया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करते हुए ताबड़तोड़ कमाई की थी और कमाई के कई रिकॉर्ड अपने नाम किए थे। यह फिल्म भी अब ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर मौजूद है।

## लाल जोड़े में अविका ने शेयर किया ब्राइडल लुक

**मुंबई।** 'बालिक वधू' फेम अविका गौर और मिलिंद चंदवानी ने बीते मंगलवार 30 सितंबर को सात फेरे लिए। गुरुवार को अविका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शादी की शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। जिन्हें देखकर फैंस बेहद खुश हैं। अविका ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की खूबसूरत तस्वीरों को शेयर कर फैंस को सरप्राइज दिया है। इन तस्वीरों में अविका लाल जोड़े में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। मेहंदी, गहने और शादी का ग्लो अविका की खूबसूरती में चार चांद लगा रहा है। वहीं, मिलिंद चंदवानी पीच रंग की डिजाइर्न शेरवानी में हैंडसम दिख रहे हैं। इन तस्वीरों के अलावा अविका ने सिर्फ अपना ब्राइडल लुक भी शेयर किया, जिसमें वह बेहद प्यारी दिख रही हैं। इन तस्वीरों को अविका ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, ' अभी भी रो रही हूं और नाच रही हूं।'



# कोई आप पर काम थोप नहीं रहा : रानी मुखर्जी

**मुंबई।** बीते कुछ वक्त से बॉलीवुड इंडस्ट्री में काम के घंटों को लेकर बहस चल रही है। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने 8 घंटे काम करने की मांग की थी, जिसके बाद उन्होंने संदीप रेड्डी वांगा की आगामी फिल्म 'स्पिरिट'को बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया था। इसपर कई सेलेब्स ने भी प्रतिक्रिया दी है। अब काम के घंटे को लेकर एक्ट्रेस रानी मुखर्जी ने भी रिएक्ट किया है। साथ ही उन्होंने निर्देशन में अपने कॅरियर को लेकर भी बात कही है। काम के घंटे को लेकर रानी मुखर्जी ने कहा, 'आजकल ये बातें चर्चा में हैं, क्योंकि शायद लोग बाहर इस पर चर्चा कर रहे हैं। लेकिन, यह सभी कार्यों का एक सामान्य नियम रहा है। मैंने भी ऐसा किया है, जहां मैंने कुछ घंटों तक काम किया है। अगर निर्माता को इससे कोई आपत्ति नहीं है, तो आप फिल्म नहीं करते। इसलिए, यह भी एक विकल्प है। कोई किसी पर कुछ भी थोप नहीं रहा है।'अभिनेत्री से उनकी निर्देशने को लेकर रुचि के बारे में सवाल किया गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'आप जानते हैं कि



मैं इस पेशे में हमेशा कहती हूं कि कभी ना मत कहो। मुझे लगता है कि मैं जिस तरह की इंसान हूं, मुझे पता होता है कि मैं कब निर्देशन के लिए तैयार हूं या मुझे पता होता है कि वह समय कब आएगा। अभी, मुझे नहीं लगता कि ऐसा है। अभी, मैं एक अभिनेत्री होने और निर्देशित होने से बहुत खुश हूं।'रानी मुखर्जी ने फिल्म 'हिचकी' की शूटिंग के दिनों को याद किया और अपनी बेटी आदिरा के पालन-पोषण के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'जब मैंने 'हिचकी' की थी, तब आदिरा 14 महीने की थी।

# दशहरा पर रिलीज हो रहीं ये फिल्में

**मुंबई।** दो अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार दशहरा मनाया जाएगा। इस मौके पर बॉलीवुड और साउथ की कई फिल्में रिलीज होने वाली हैं। इनमें साउथ की इडली कढ़ाई, कांताराः चैप्टर 1 और मृत्युंजय के अलावा बॉलीवुड की सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी शामिल हैं।

### इडली कढ़ाई

दशहरा के मौके पर दर्शकों को जिस फिल्म का सबसे ज्यादा इंतजार है, वह है 'इडली कढ़ाई'। यह फिल्म 1 अक्टूबर को रिलीज हो गई है। इस फिल्म में धनुष ने न सिर्फ अदाकारी की है, बल्कि उन्होंने इस फिल्म को लिखा है और इसका निर्देशन भी किया है। फिल्म में उनके साथ नित्या मेनन भी हैं।





### कांताराः चैप्टर 1

'कांताराः चैप्टर 1' दो अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म का भी दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार, लेखक और निर्देशक ऋषभ शेट्टी हैं। 125 करोड़ रुपए की लागत में बनी इस फिल्म के लिए ऋषभ शेट्टी ने फीस नहीं ली है, बल्कि वह इस फिल्म के मुनाफे के हिस्सेदार हैं। यह एक पौराणिक एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह फिल्म 'कांतारा' का प्रीक्वल है।

### मृत्युंजय

दशहरा के मौके पर जो एक और साउथ की फिल्म रिलीज होने वाली है, वह 'मृत्युंजय' है। यह हुसैन शा किरण द्वारा निर्देशित एक तेलुगु एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में श्री विष्णु और रेबा मोनिका जॉन ने अहम किरदार निभाया है। फिल्म के निर्माता संदीप गुन्नम और विनय चिलकापति हैं।

### सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी

दशहरा के मौके पर बॉलीवुड की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' भी रिलीज हो रही है। इस फिल्म में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ ने अहम किरदार निभाया है। यह रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 2 अक्टूबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म के निर्देशक शशांक खेतान हैं।

## 43 साल पहले रिलीज हुई यह फिल्म बुरी तरह रही फ्लॉप

# बॉलीवुड की मनहूस फिल्म, बनते-बनते दो एक्टर और डायरेक्टर की हो गई थी मौत

***नई दिल्ली।*** *इस फिल्म को हिंदी सिनेमा की सबसे 'मनहूस और शापित' फिल्म माना जाता है। इसके बनने के दौरान दो बड़े स्टार्स और एक डायरेक्टर समेत कई कलाकारों की मौत हो गई थी। ऐसे-ऐसे हादसे हुए कि सब सिहर उठे थे।। इसे बनने में पूरे 24 साल लगे पर यह दो एक्टर्स के साथ-साथ डायरेक्टर की भी जान लील गई। जब यह फिल्म 43 साल पहले रिलीज हुई थी, तो बुरी तरह फ्लॉप रही थी। इस फिल्म में निम्मी और संजीव कुमार लीड रोल में थे और इसका नाम था 'लव एंड गॉड'। फिल्म को के. आसिफ ने डायरेक्ट किया था। आसिफ इससे पहले 'मुगले-आजम' बना चुके थे, जिसे बनने में 16 साल लगे थे। लेकिन, जैसी मनहूसियत इस फिल्म के बनने के दौरान देखने को मिली, उसने सबका दिल दहला दिया था। 'लव एंड गॉड' को लेकर के. आसिफ ने बहुत बड़े सपने देखे थे। वह चाहते थे कि यह भी 'मुगले-आजम' जैसी क्लासिक बने, पर इसके बनने के दौरान कुछ ऐसे हादसे हुए कि इसे 'मनहूस' कहा जाने लगा। इस फिल्म में काम करने वाले कुछ कलाकार मौत की गोद में समा गए। यहां तक कि डायरेक्टर की भी मौत हो गई।*

### 1986 में रिलीज हुई थी, ये थी कहानी

'लव एंड गॉड' साल 1986 रिलीज हुई थी। यह लैला मजनू की कहानी पर आधारित थी। फिल्म की कहानी दो अरबी किरदारों- लैला और कैश की थी। इसमें के. आसिफ ने लैला के रोल के लिए एक्ट्रेस निम्मी को साइन किया था, वहीं मजनू के रोल के लिए गुरु दत्त को। हालांकि, गुरु दत्त इस किरदार को निभाने को लेकर झिझक रहे थे, पर के. आसिफ ने उन्हें किसी तरह फिल्म के लिए राजी कर लिया। और तब साल 1962 में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई।

### गुरु दत्त को मिला था मजनू का रोल

हालांकि, गुरु दत्त उस वक्त निजी जिंदगी में बहुत ही मुश्किलों से गुजर रहे थे। उनकी पिछली फिल्म 'कागज के फूल' फ्लॉप हो गई थी और वह आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। गुरु दत्त को अपना घर गिरवी तक रखना पड़ा। यही नहीं, पत्नी गीता दत्त के साथ भी उनके रिश्ते खराब चल रहे थे। यह भी बताया जाता है कि गुरु दत्त ने दो बार सुसाइड करने की कोशिश की थी।



### गुरु दत्त की मौत घर में मिली थी लाश

एक रात गुरु दत्त और गीता दत्त का झगड़ा हुआ। गीता घर छोड़कर चली गईं और गुरु दत्त ने खुद को कमरे में बंद कर लिया। उन्होंने शराब के साथ नींद की गोलियां खा लीं। अगली सुबह गुरु दत्त की मौत की खबर मिली, जिसने हर किसी को झकझोर दिया। के. आसिफ को भी तगड़ा झटका लगा। उनकी फिल्म बीच में रुक गई। तब वह एक्टर संजीव कुमार से मिले। वह संजीव से एक फिल्म के प्रीमियर में मिले थे और वहीं पर उन्हें अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया था।

### संजीव कुमार को किया साइन

बताया जाता है कि के.आसिफ ने संजीव कुमार का पेशेंस टेस्ट करना चाहा। इसलिए, उन्होंने संजीव को एक दूसरी फिल्म 'सस्ता खून महंगा पानी' में कास्ट किया, जिसकी शूटिंग करने राजस्थान भेजा। चूंकि, 'लव एंड गॉड' भी राजस्थान में शूट की जानी थी, इसलिए आसिफ देखना चाहते थे कि संजीव कितना सहन कर सकते हैं।

### के. आसिफ की मौत, संजीव की बांहों में तोड़ा दम

'लव एंड गॉड' की शूटिंग दोबारा शुरू हुई, पर इसकी किस्मत में कुछ और ही लिखा था। हुआ यूं कि साल 1971 में संजीव ने कुछ समय के लिए मुंबई छोड़ दिया और किसी और प्रोजेक्ट में बिजी हो गए। जब वह वापस मुंबई लौटे तो के. आसिफ उनसे मिलने गए। जब आसिफ संजीव से उनके कमरे में बैठकर बात कर रहे थे तो उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई। संजीव ने आसिफ को देखा और संभालने की कोशिश की, पर आसिफ ने उनकी बांहों में ही दम तोड़ दिया।

***संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत, कई और कलाकार मरे :*** संजीव कुमार टूट गए थे। फिल्म फिर से बीच में लटक गई। तब एक्टर आसिफ की फिल्म को पूरा करने के लिए फंड जुटाने में लग गए। उन्होंने कई प्रोड्यूसर्स और यहां तक कि दिलीप कुमार को भी मदद के लिए अप्रोच किया, पर कोई आगे नहीं आया। फिर संजीव कुमार प्रोड्यूसर केसी बोकाडिया से मिले। वह 'लव एंड गॉड' को फंड देने के लिए राजी हुए। शूटिंग शुरू हुई और फिर कुछ दिन बाद ही संजीव कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई।

## खबर संक्षेप



### मां बंजारी धाम में कन्या पूजा, महाभण्डारा संपन्न

**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व 70 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन, दुर्गानवमी में सामूहिक हवन पूजन, नवकन्याओं की पूजा अर्चना कर कन्या भोज, ब्राम्हण भोज के बाद महाभण्डारा प्रसाद खिलाया गया। नवमी महाभण्डारा 12 बजे शुभारम्भ कर शाम तक हजार भक्तजनों ने महाभण्डारा ग्रहण किया। शारदीय नवरात्र पर्व 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक नवरात्र, दीप प्रज्वलन, नवदुर्गा सप्तशती, विधि विधान के साथ पूजापाठ नवमी को 5 कुण्ड में सामूहिक हवन पूजन में सैकड़ो माता बहनो भक्तजनों ने शामिल होकर आहुति दी गई। नवरात्र पर्व में जनप्रतिनिधियों, न्यायधीश, प्रशासनिक अधिकारी, सैकड़ो विशिष्ठ व्यक्तियों एवं हजारों लोगों ने मां बंजारी के चरणों में फल फूल अर्पित कर आशीर्वचन लिए। विशाल 3 दीप गृह में 3700 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया था। मां बंजारी समिति द्वारा पार्किंग, पानी, पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन, प्रसाद भोग, हर दिन भोजन, महाभण्डारा की बेहतर व्यवस्था की गई।

### अहिंसा की विचारधारा को दबाया जा रहा : जिलाध्यक्ष

**सुंदरगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सुंदरगढ़ जिला कांग्रेस की ओर से पदयात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शंकरा पारिजात पार्क चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और शास्त्रीजी को भी नमन किया। पदयात्रा के उपरांत आयोजित सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि कुछ विशेष समूह गांधी की शांति और अहिंसा की विचारधारा को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश को आज़ाद कराने वाले महात्मा गांधी की निंदा करना हास्यास्पद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने गांधी जयंती मनाई और गांधीजी के सिद्धांतों, आदर्शों और विचारधारा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कांग्रेस नेताओं का कहना था कि गांधीजी के बताए रास्ते पर चलकर ही देश में सच्चे लोकतंत्र, न्याय और सामाजिक सद्भाव की स्थापना संभव है।

### सक्ती में डिप्टी सीएम का प्रथम आगमन 8 को

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव भारसाधक मंत्री लोक निर्माण विभाग ,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकाय छत्तीसगढ़ शासन का जिला मुख्यालय सक्ती में 8 अक्टूबर को आगमन हो रहा है। सक्ती जिला प्रथम नगर आगमन पर जिला साहू संघ सक्ती की ओर से उनका भव्य स्वागत अभिनंदन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिला साहू संघ सक्ती के जिलाध्यक्ष एवं सक्ती के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने बताया कि इस दिन समाज के प्रतिभावान 10वीं, 12वीं ,स्नातक, स्नातकोत्तर,पास 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक ,मेडिकल ,इंजीनियरिंग , कृषि, वाणिज्य, ला के छात्रों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही नगर पालिका सक्ती के बुधवारी बाजार में अटल परिसर का लोकार्पण और अडभार में अटल परिसर का लोकार्पण इत्यादि कार्यक्रम शामिल है।

### वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल से स्थानीय स्वास्थ्य सुविधाओं में हो रहा विस्तार

# पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सी-सेक्शन सिजेरियन डिलीवरी की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार विस्तार किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर में आज से सी सेक्शन सिजेरियन डिलीवरी और शल्य चिकित्सा सेवाओं की शुरुआत की गई। इस पहल से अब क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सामान्य प्रसव के साथ साथ जटिल सिजेरियन ऑपरेशन सी सेक्शन की सुविधा भी स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी।

राज्य सरकार का उद्देश्य हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से लोगों को न केवल राहत मिलेगी, बल्कि इससे समय और धन की बचत भी होगी। पुसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इस नई स्वास्थ्य सेवा का उद्घाटन कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत की देखरेख में हुआ। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा पटेल, डॉ. रजनी नायक और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. दिनेश नायक की टीम ने ग्राम सूपा की गर्भवती श्रीमती तिलोत्तमा भारद्वाज का सफल सी सेक्शन प्रसव किया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने बताया कि अब पुसौर विकासखंड की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए रायगढ़ जिला अस्पताल या अन्य निजी संस्थानों तक नहीं जाना पड़ेगा। इस सुविधा के मिलने से महिलाएं समय पर उपचार प्राप्त कर सकेंगी, जिससे उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य में सुधार होगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. सुमित शैलेन्द्र मंडल, डॉ. केनन डेनियल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद नायक, आरएमसी, कंसल्टेंट डॉ. राजेश मिश्रा, बीपीएम नवीन शर्मा, श्रीमती उमा महंत और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुसौर के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



## यूपीएचसी रामभांठा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- कैंसर से बचाव एवं जाँच ईलाज के संबंध में दी गई विस्तार से जानकारी
- कार्यक्रम में 47 महिलाओं के गर्भाशय कैंसर की हुई जांच

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत गर्भाशय सर्वाइकल कैंसर की जांचए बचाव और जागरूकता हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण में भाग लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुषमा खलखो और श्रीमती लक्ष्मी पटेल उपस्थित रहीं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान कुल 47 महिलाओं की सर्वाइकल कैंसर की जांच की गई। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी यदि प्रारंभिक अवस्था में पहचान ली जाए तो उसका इलाज संभव है और समय रहते जीवन की रक्षा की जा सकती है। विशेषज्ञ डॉ. काकोली पट्नायक ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती चरण में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं होते, लेकिन जैसे जैसे यह बढ़ता है असामान्य रक्तस्राव और दर्द जैसे लक्षण नजर आने लगते हैं। शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.सोनाली मेश्राम ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन सबसे प्रभावी उपाय है, जिसे 9 से 26 वर्ष की लड़कियों को देना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही 30 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं को नियमित रूप से पैप स्मीयर और एचपीवी डीएन टेस्ट करवाना चाहिए ताकि समय पर किसी भी संक्रमण या कैंसर की पहचान हो सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा आरएमएनसीएच के डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. प्रशांत धिरी सहित स्थानीय मितानिन कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बालूघाट में प्रतिमा विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाब तैयार

**राउरकेला।** राउरकेला और आसपास के क्षेत्र में दशहरे के अवसर पर सौ से अधिक पंडालों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की जा रही है। जहां बंगीय परंपरा के अनुसार मां दुर्गा की पूजा हुई है, वहां अधिकांश प्रतिमाओं का विसर्जन विजयादशमी यानी 2 अक्टूबर की शाम से शुरू हो गया है। केंद्रीय पूजा कमेटी के तत्वाधान में स्थापित 90 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन 3 अक्टूबर को होगा। इस वर्ष बालू घाट में 22 फिट गहरे कृत्रिम तालाब का निर्माण कर प्रतिमाओं के सुरक्षित विसर्जन की व्यवस्था की गई है। विधायक दुर्गा तांती भाजपा नेताओं बिरेन पती एंव अन्य के साथ तालाब पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया।



- विधायक दुर्गा तांती ने तालाब का लिया जायजा, आरएमसी के अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

इस अवसर पर आरएमसी की जॉइंट कमिश्नर अनिता नायक अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रही। उन्होंने बताया कि तालाब की मिट्टी की सफाई कर पहले से विसर्जित प्रतिमाओं को हटाया गया और तालाब में 12 फिट पानी भर दिया गया है। विधायक दुर्गा तांती ने कहा कि श्रद्धा और आस्था के साथ मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन हो इसके लिए सभी आवश्यक उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे निर्धारित समय और स्थान पर पहुंचकर आयोजन को व्यवस्थित बनाने में सहयोग करें। इस व्यवस्था से न केवल पर्यावरणीय सुरक्षा बनी रहेगी बल्कि श्रद्धालु भी सुरक्षित रूप से मां दुर्गा के विसर्जन में भाग ले सकेंगे।

## महिला से सामूहिक दुष्कर्म, 7 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ -चांपा



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

नवरात्र पर्व के दौरान चांपा शहर में एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि महिला अकेली जा रही थी, जिसके साथ अज्ञात आरोपियों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। हालांकि रिपोर्ट दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

घटना 28-29 सितंबर की दरम्यानी रात की है, जब लगभग 1:30 से 2:00 बजे के बीच चांपा क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक महिला को मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर बारी-बारी से सामूहिक अनाचार किया और मौके से फरार हो गए। पीड़िता ने 30 सितंबर को थाना चांपा में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप तथा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चांपा यदुमणि सिदार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सागर पाठक के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण कर आरोपियों की पहचान की। तत्परता से दबिश देते हुए पुलिस ने महज 24 घंटे में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप मनहर उम्र 19 वर्ष, शिवम बंजारे पिता पंचराम बंजारे उम्र 19 वर्ष, कृष्णा खुटे म्र 19 वर्ष, अनिल महिलांगे पिता दिलेराम महिलांगे उम्र 19 वर्ष, सूरज टंडन उम्र 19 वर्ष, दीपेश कुमार कुर्रे उम्र 19 वर्ष और शानू मीरझा उम्र 19 वर्ष सभी आरोपी चांपा के घोघरा नाला और आसपास के वार्डों के निवासी हैं।

**सुरक्षा पर सवाल**

नवरात्रि पर्व पर महिला से सामूहिक दुष्कर्म की घटना ने चांपा पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम ने भले ही आरोपियों की गिरफ्तार कर ली है, लेकिन नवरात्रि पर्व पर जहां चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती की गई है और कप्तान द्वारा सुरक्षा को लेकर सख्त आदेश भी दिए गए है, बावजूद इसके इस तरह की घटना ने आमजन को सुरक्षा के लिए सोचने पर विवश कर दिया है।

# गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जागृति यात्रा का आयोजन

**राउरकेला।** आज से 350 साल पहले हिंदू धर्म की रक्षा और कश्मीरी पंडितों पर मुगल बादशाह औरंगजेब के क्रूर हमलों का विरोध करने पर औरंगजेब ने दिल्ली के चांदनी चौक पर गुरु तेग बहादुर का सार्वजनिक रूप से सिर कलम कर दिया था। इस हृदयविदारक क्षण को याद करने और लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए गुरु तेग बहादुर की 350 वीं शहादत वर्षगांठ मनाई जा रही है।

इसी उपलक्ष्य में एक विशाल जुलूस जागृति यात्रा 17 सितंबर को बिहार के पटना से रवाना होकर 26 सितंबर को ओडिशा के बारीपदा पहुँची। ओडिशा सिख प्रतिनिधिमंडल द्वारा 26 से 30 सितंबर तक आयोजित यह पाँच दिवसीय यात्रा ओडिशा के विभिन्न शहरों का दौरा करेगी। हालाँकि आज दोपहर झारसुगुड़ा से निकलकर सुंदरगढ़ पहुँचने पर कई सिखों ने इसका दौरा किया। सुंदरगढ़ की पुलिस अधीक्षक अमृतपाल कौर भी इस जुलूस में शामिल हुईं और इसका दौरा किया। वहां एसपी अमृतपाल कौर को ओडिशा सिख प्रतिनिधि बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने सम्मानित किया। इसके बाद यह जगरानी यात्रा राजगांगपुर और कांसबहाल पहुंची। वहां संगत सेवा ने लंगर छका। इसके बाद शाम को यात्रा वेदब्यास पहुंची और वेदब्यास चौक में गुरु श्री गुरु तेग बहादुर के साहिब संस्थान द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप राय वहां पहुंचे और उनका स्वागत किया। इस अवसर पर गुरमीत सिंह ने केंद्रीय मंत्री दिलीप राय का स्वागत किया। इस अवसर पर वेदब्यास गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष व संपादक, सिविल टाउनशिप गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष व संपादक सह बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। इसके बाद सिविल टाउनशिप गुरुद्वारा पहुंचने पर गुरुद्वारा गुरुश्री अर्जुन देवजी द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया कल, रेलवे स्टेशन स्थित गुरुद्वारे में यात्रा के पहुँचने पर वहाँ स्वागत समारोह और लंगर का आयोजन होगा। इसके बाद यात्रा बीरमित्रपुर और फिर झारखंड के रांची पहुँचेगी। श्रद्धालुओं ने गुरु के अटूट लंगर का उठाया प्रसाद स यह यात्रा चार राज्यों और 12 शहरों से गुजरते हुए लगभग 25 वाहनों और 125 श्रद्धालुओं के साथ यहां पहुची थी। इसका उद्देश्य गुरु साहिब का सार्वभौमिक संदेश सत्य, बलिदान और धार्मिक स्वतंत्रता को जन जन तक पहुँचाना था। श्रद्धालुओं का रात्रि विश्राम सिविल टाउनशिप गुरुद्वारा और अग्रसेन भवन में हुआ। अगले दिन 30 सितंबर को यात्रा ने दुख निवारण साहिब गुरु सिंह सभा और इस्पात गुरुद्वारा में ठहराव किया। दोपहर 1.30 बजे बिरमित्रपुर मार्ग से यात्रा रांची के लिए रवाना हो गई।



## मां बंजारी धाम में एनआर ग्रुप द्वारा प्रतीक्षा हाल का लोकार्पण



**तमनार।** प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल प्रवेश द्वार शिव मन्दिर के सामने नवनिर्मित प्रतीक्षा हॉल की फीता काटकर लोकार्पण, भव्य महाआरती, भजन संध्या के साथ सैकड़ों लोगों को भण्डारा ख़िलाया गया। सर्वप्रथम मां बंजारी मन्दिर में एनआर ग्रुप के चेयरमैन नन्दकिशोर अग्रवाल परिवार द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रतीक्षा हॉल का लोकार्पण किया गया। शिव मंदिर कार्यालय के समाने प्रतीक्षा हॉल नवनिर्माण से मन्दिर समिति, अतिथिगण, श्रद्धालुओं ने विश्राम के लिए उपयोगी साबित होगा। एनआर ग्रुप के विजय अग्रवाल ने मां बंजारी परिसर में प्रतीक्षा हॉल नवनिर्माण पर माँ बंजारी की आशीर्वाद बताते भविष्य में भी अन्य निर्माण करने का संकल्प लिया। आशीष महमिया परिवार द्वारा भी कांच की कारीगरी दीवारों के जीर्णोद्वार के लिए 5 लाख रुपए सेवा अर्पण करने संकल्प लिया गया। बंजारी मंदिर समिति के सदस्य पंचराम मालाकार ने एनआर ग्रुप द्वारा प्रतीक्षा हॉल नवनिर्माण के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान नन्दकिशोर अग्रवाल, विजय अग्रवाल, संजय अग्रवाल, रंगबल्लभ मालाकार, घनश्याम मालाकार, पंचराम मालाकार, सरपंच अनन्त राम भगत, श्याम मालाकार, पितरु पटेल, दुलेंद्र पटेल अन्य सदस्यगणों की उपस्थिति रही।

# राउरकेला से उड़ानें बंद होना विकास की राह में बाधा : एनसीपी अध्यक्ष



- एनसीपी अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने जताया कड़ा विरोध, सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग

**राउरकेला।** राष्ट्रीयवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के ओडिशा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने राउरकेला हवाई अड्डे से उड़ानों के निलंबन पर कड़ा विरोध दर्ज किया है। उन्होंने इसे पश्चिमी ओडिशा के विकास और आर्थिक प्रगति के लिए गंभीर बाधा बताते हुए राज्य और केंद्र सरकार से तुरंत कार्रवाई की मांग की। डॉ. यादव ने कहा कि औद्योगिक नगरी राउरकेला से उड़ानों का बंद होना यात्रियों की असुविधा के साथ साथ व्यापार, पर्यटन और स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। एलायंस एयर द्वारा जुलाई से उड़ानों को निलंबित करने और अब इसे 25 अक्तूबर तक बढ़ाने का निर्णय सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि तकनीकी खराबी का बहाना बनाकर जनता को परेशान किया जा रहा है जबकि कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई। उन्होंने चेतावनी दी कि राउरकेला कोलकाता और राउरकेला भुवनेश्वर जैसी महत्वपूर्ण उड़ानों का बंद होना क्षेत्रीय असमानता को और बढ़ाएगा। यदि उड़ानें शीघ्र बहाल नहीं हुईं, तो एनसीपी जन आंदोलन छेड़ेगी। डॉ. यादव ने अपील की कि ओडिशा सरकार नई गंतव्य नीति 2025 के तहत एयरलाइनों को प्रोत्साहन दे और राउरकेला की हवाई संपर्कता को सुदृढ़ करें, ताकि क्षेत्र का विकास बाधित न हो।

## बनोरा में कराया गया नौ कन्या भोज



**रायगढ़।** अघोर गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा की मुख्य शाखा बनोरा में शारदीय नवरात्रि में नवमी के दिन नौ कन्याओं भोजन कराया गया। इसके पश्चात आयोजित भंडारे में आस पास के ग्रामीणों सहित शहर के गणमान्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# हल्की बारिश के बाद सरकारी अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार कचरे से पटा

**राउरकेला।** राउरकेला में हल्की बारिश होने के बाद भी सरकारी अस्पताल का मुख्य प्रवेश द्वार कचरे से जाम हो जाता है। यह स्थिति इसलिए उत्पन्न होती है क्योंकि अस्पताल के सामने वाली नाले की जलनिकासी व्यवस्था में कचरा फंस जाता है, जिससे पानी भराव और रुकावट पैदा हो जाती है। राउरकेला महानगर निगम द्वारा जल निकासी की चित्र व्यवस्था में होने के कारण केवल राउरकेला सरकारी अस्पताल ही नहीं बल्कि ऐसे कई दर्जनों प्रतिष्ठान व संस्थान है जो इस जल जमाव वह उचित जल निकासी नहीं होने से परेशान है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से तुरंत उचित व आवश्यक कार्रवाई करने और नालों की सही ढंग से सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि ऐसी अस्वच्छ और असुविधाजनक स्थिति से बचा जा सके। बीते समय में उच्च लागत वाली सीवरेज बोर्ड द्वारा किए गए जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह नाकाम रही है उम्मीद है आने वाले समय में संलग्न विभाग इस ओर ध्यान देगा और उचित व्यवस्था के साथ आम जनता को इसका समाधान प्रदान कर सकेगा।

TOP IN RAIGARH

GURUKRIPA COLLEGE

ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

